दिनांक : 08.05.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

पीएम मोदी- सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के सोमनाथ मंदिर जाएंगे, जहां पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 11 मई 1951 को इस मंदिर का उद्घाटन किया था। श्री मोदी ने एक अखबार में लिखे लेख में कहा कि सोमनाथ भारत की सभ्यतागत ताकत का प्रतीक है और यह मंदिर बताता है कि आस्था और संस्कृति बार-बार के हमलों के बावजूद जिंदा रहती है। उन्होंने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि पटेल इस मंदिर के पुनर्निर्माण को राष्ट्रीय कर्तव्य मानते थे, और अब मंदिर के गौरवशाली इतिहास को सम्मान देने के लिए अगले एक हजार दिनों तक विशेष प्रार्थनाएं होंगी।

बंगाल में अमित शाह

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं के स्वागत के बाद शाह सबसे पहले दक्षिणेश्वर काली मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। कुछ ही देर में श्री शाह भाजपा के सभी 207 नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में विधायक दल का नेता यानी मुख्यमंत्री चुना जाएगा। वहीं कल यानी 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी समेत एनडीए के कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

मोहन यादव- नितिन नबीन से की मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक मामलों और आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा हुई।

भोपाल में मीडिया महाकुंभ शुरू

हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे होने की खुशी में भोपाल के भारत भवन में तीन दिन का मीडिया महाकुंभ चल रहा है। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास मिलकर 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' नाम से यह समारोह 10 मई तक आयोजित कर रहे हैं। इस महाकुंभ में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और फिल्मकार डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी समेत देशभर के दर्जनों वरिष्ठ पत्रकार और विद्वान इसमें शिरकत करेंगे। इस मौके पर 200 साल की पत्रकारिता की यात्रा पर एक खास प्रदर्शनी भी लगाई गई है और आठ वरिष्ठ कार्टूनिस्ट लाइव कार्टून शो भी पेश करेंगे।

आकाशवाणी के 90 साल

आकाशवाणी की सेवा के 90 साल पूरे होने के जश्न में आज नई दिल्ली में साढ़े तीन किलोमीटर की मैराथन दौड़ आयोजित की गई। यह दौड़ आकाशवाणी भवन से शुरू होकर कृषि भवन, रेल भवन और रिजर्व बैंक होते हुए वापस आकाशवाणी भवन पर ही खत्म हुई। इसी तरह की एक दौड़ भोपाल स्थित आकाशवाणी के दफ्तर से भी सुबह में आयोजित की गई।

रेलवे सुरक्षा कवच

रेलवे ने स्वदेशी तकनीक से बनी कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को उत्तर रेलवे के अहम रूटों पर लगाने की मंजूरी दे दी है, जिस पर करीब 362 करोड़ रुपए खर्च होंगे। फिरोजपुर डिवीजन के एक हजार किलोमीटर और जम्मू डिवीजन के 446 किलोमीटर

रूट पर यह सिस्टम लगाया जाएगा। कवच एक स्वदेश निर्मित स्वचालित सुरक्षा प्रणाली है, जो खतरे की स्थिति में ट्रेन में अपने आप ब्रेक लगाकर टक्कर और दुर्घटना को रोकती है।

आईपीएल

आईपीएल में आज शाम साढ़े सात बजे दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला होगा। वहीं कल रात लखनऊ में बारिश से बाधित मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से मात दी। मिचेल मार्श की शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिलाया।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी व पूर्वी हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में आज तेज आंधी के साथ ओले गिरने की प्रबल संभावना है, जिससे किसानों की फसल को नुकसान हो सकता है। मुरैना में बिजली गिरने और ग्वालियर-विंध्य क्षेत्र में दोपहर बाद मौसम बदलने का अनुमान है, वहीं छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा और सीधी समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- आगरमालवा स्थित नेहरू पीजी कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए ई-प्रवेश प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है वही छात्रों को पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, विषय चयन और फीस संबंधी जानकारी देने हेतु हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं।

- नीमच में जल गंगा संवर्धन अभियान तहत ग्रामीण नल-जल योजना के संचालन-संधारण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु ग्राम सरपंचों, सचिवों एवं पंप ऑपरेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कल आयोजित किया गया।
- **राजगढ़।** जिले के नागरिकों को आधार सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 मई, 2026 को विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा।

नमस्कार